दृष्टि The Vision

# डेली क्विज़

(संग्रह)



## जून
## भाग-1
## 2025


C-171/2, Block-A, Sector-15, Noida

641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

21, Pusa Road, Karol Bagh New Delhi

Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

Burlington Arcade Mall, Burlington Chauraha, Vidhan Sabha Marg, Lucknow

12, Main AB Road, Bhawar Kuan, Indore, Madhya Pradesh

E-mail : care@groupdrishti.in

Phone: +91-87501-87501

# प्रश्न

## भारतीय कला एवं संस्कृति

**1. अजंता की गुफाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये शिलालेख बौद्ध भिक्षुओं द्वारा, वाकाटक शासकों के संरक्षण में लिखवाए गए थे।
2. अजंता गुफाओं के संदर्भ फाहियान और ह्वेनसांग दोनों के यात्रा वृत्तांतों में मिलते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## इतिहास

**2. संत कबीर दास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर के समकालीन थे।
2. उन्हें रामानंद और शेख तकी से आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।
3. उनके द्वारा "उलटबांसी" (उल्टे छंद) का प्रयोग निर्विवाद भक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

## भूगोल

**3. सिक्किम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने से पहले सिक्किम एक संरक्षित राज्य था।
2. सिक्किम स्थित कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और एक नामित बायोस्फीयर रिज़र्व है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**4. ग्लेशियरों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे धीमी गति से बहने वाले बर्फ के पिंड हैं जो सदियों से सघन बर्फ से बने हैं और इनमें विश्व की लगभग 70% स्वच्छ जल आपूर्ति समाहित है।
2. हिंदू कुश हिमालय (HKH) को "एशिया का जल टॉवर" कहा जाता है और ये सिंधु नदी प्रणाली के जल प्रवाह का लगभग 40% योगदान करते हैं।
3. याला ग्लेशियर के नष्ट होने के साथ ही वेनेजुएला, स्लोवेनिया के बाद दूसरा ऐसा देश बन गया, जिसने अपने सभी ग्लेशियर खो दिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

5. **न्यू कैलेडोनिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. न्यू कैलेडोनिया हिंद महासागर में स्थित एक फ्राँसीसी विदेशी क्षेत्र है।
   2. मूल रूप से कनक (न्यू कैलेडोनिया के स्वदेशी मेलानेशियाई निवासी) द्वारा बसाए गए न्यू कैलेडोनिया को वर्ष 1853 में फ्राँस द्वारा अपने में मिला लिया गया था।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1, न ही 2

6. **निकल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. निकल एक चाँदी-सफेद रंग का धात्विक तत्त्व है, जो पृथ्वी की भू-पर्पटी में व्यापक रूप से पाया जाता है तथा **निकल-लौह मिश्रधातु** के रूप में **पृथ्वी के क्रोड** का एक प्रमुख घटक है।
   2. भारत में निकल का उत्पादन प्राथमिक स्रोतों से किया जाता है, विशेष रूप से ओडिशा में सुकिंदा घाटी के लैटेराइट निक्षेपों से।
   3. इसका उपयोग मुख्यत: स्टेनलेस स्टील उत्पादन, रिचार्जेबल बैटरी और रासायनिक उद्योगों में उत्प्रेरक के रूप में किया जाता है।

   **उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 1 और 3
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

7. **एटालिन जलविद्युत परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह अरुणाचल प्रदेश में स्थित एक रन-ऑफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजना है।
   2. इसमें दिबांग नदी की सहायक नदियों पर बाँधो का निर्माण शामिल है।

   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1, न ही 2

8. **डीप ओशन मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. डीप ओशन मिशन (DOM) समुद्री संसाधनों से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिये नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) की एक प्रमुख पहल है।
   2. मत्स्य 6000 एक मानव चालित पनडुब्बी है जिसे गहरे समुद्र में अन्वेषण के लिये डीप ओशन मिशन के तहत विकसित किया गया है।

   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1, न ही 2

## राजव्यवस्था एवं शासन

9. **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह अधिनियम भारत के भीतर और भारत के बाहर डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण पर लागू होता है, यदि डेटा प्रसंस्करण भारत में वस्तुओं या सेवाओं की पेशकश के लिये किया जाता है।
   2. यह शोध उद्देश्यों के लिये स्टार्टअप्स द्वारा डेटा प्रोसेसिंग हेतु अपने प्रावधानों से छूट प्रदान करता है।
   3. अधिनियम में भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (DPBI) की स्थापना का प्रावधान है, जिसके सदस्यों की नियुक्ति दो वर्ष के कार्यकाल के लिये की जाएगी तथा वे पुनर्नियुक्ति के पात्र होंगे।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**10. राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA) प्लेटफॉर्म के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक डिजिटल वर्कफ्लो-आधारित प्लेटफॉर्म है जिसे "वन नेशन, वन एप्लीकेशन" पहल के तहत कागज़ रहित और पारदर्शी तरीके से विधायी कार्यप्रणाली को डिजिटल बनाने के लिये लॉन्च किया गया है।
2. इस पहल के अंतर्गत संसदीय कार्य मंत्रालय पूर्ण केंद्रीय सहायता प्रदान करता है तथा यह प्लेटफॉर्म NIC क्लाउड - मेघराज पर होस्ट किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**11. अनुच्छेद 352 के तहत राष्ट्रीय आपातकाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान, राष्ट्रपति केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण को संशोधित कर सकते हैं, लेकिन आपातकाल समाप्त होने के तुरंत बाद ऐसे संशोधन समाप्त हो जाते हैं।
2. अनुच्छेद 358, आपातकाल की सम्पूर्ण अवधि के लिये अनुच्छेद 19 को स्वत: ही निलंबित कर देता है, किंतु ऐसा केवल तभी होता है जब आपातकाल युद्ध या बाह्य आक्रमण के आधार पर घोषित किया गया हो।
3. लोक सभा का कार्यकाल एक बार में 6 महीने के लिये बढ़ाया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

## सामाजिक मुद्दे

**12. निम्नलिखित में से कौन से वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक के प्रमुख आयाम हैं?**

1. आर्थिक भागीदारी और अवसर
2. शिक्षा प्राप्ति
3. आय असमानता
4. राजनीतिक सशक्तिकरण

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 4

D. उपर्युक्त सभी

## कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सकल सिंचित क्षेत्र (GIA) एक कृषि वर्ष में विभिन्न मौसमों में सभी फसलों के तहत सिंचित कुल क्षेत्रफल है, जहाँ एक ही वर्ष में एक से अधिक बार सिंचित भूमि को केवल एक बार गिना जाता है।
2. भारत में सिंचाई राज्य का विषय है तथा इसकी योजना, क्रियान्वयन और वित्तपोषण का दायित्व संबंधित राज्य सरकारों पर है।
3. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) का एक घटक, प्रति बूंद अधिक फसल, जल शक्ति मंत्रालय के तहत कार्यान्वित किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

14. **दालों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल उत्पादक, उपभोक्ता और आयातक देश है।
2. दालें संपूर्ण कृषि वर्ष (खरीफ, रबी और जायद मौसम) में उत्पादित की जाती हैं।
3. फलीदार होने के कारण, सभी दालें वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर करके मृदा की उर्वरता को बनाएँ करने में सहायता करती हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

15. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | प्रजातियाँ | IUCN स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | तापनुली ओरंगुटान | गंभीर रूप से संकटग्रस्त |
| 2. | क्रॉस रिवर गोरिल्ला | सुभेद्य |
| 3. | गिब्बन | संकटग्रस्त |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

16. **लेडीज़ स्लिपर ऑर्किड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रजातियाँ बोरियल, समशीतोष्ण और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाती हैं।
2. भारत में वे मुख्यत: पश्चिमी घाट में पाए जाते हैं।
3. यह प्रजाति वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची III के अंतर्गत सूचीबद्ध है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

17. **वर्ष 2025 में भारत की विद्युत स्थापित क्षमता के संदर्भ में, निम्नलिखित ऊर्जा स्रोतों को उनके योगदान के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये:**

1. तेल और गैस
2. सौर
3. पवन
4. जलविद्युत
5. नाभिकीय

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. 2 - 3 - 4 - 1- 5
B. 1 - 5 - 3 - 2- 4
C. 1 - 2 - 3 - 4 - 5
D. 3 - 2 - 1 - 4 - 5

18. **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें छह अनुसूचियाँ शामिल हैं, जिनमें अनुसूची I और II लुप्तप्राय प्रजातियों को पूर्ण संरक्षण प्रदान करती हैं।
2. मुख्य वन्यजीव वार्डन उस स्थिति में पशु को मारने की अनुमति दे सकता है, जब पशु मानव जीवन के लिये खतरा हो या वह असाध्य रोग से ग्रस्त हो तथा उसे पकड़ा या स्थानांतरित नहीं किया जा सकता हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**19. लेसर फ्लेमिंगो (फीनिकोनायस माइनर) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गुजरात और राजस्थान की क्षारीय और लवणीय आर्द्रभूमियाँ भारत में लेसर फ्लेमिंगो के लिये प्रमुख प्रजनन स्थल हैं।
2. यह मुख्य रूप से कैरोटीनॉयड-समृद्ध साइनोबैक्टीरिया पर निर्भर करती हैं, जो इसके पंखों को एक विशिष्ट गुलाबी रंग देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## भारतीय अर्थव्यवस्था

**20. उदारीकृत विप्रेषण योजना (LRS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2004 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा पेश किया गया था।
2. इस योजना के तहत, कॉर्पोरेट और हिंदू अविभाजित परिवार (HUF) सहित कोई भी भारतीय प्रति वित्तीय वर्ष 250,000 अमेरिकी डॉलर तक धन भेज सकता है।
3. निवासी LRS के अंतर्गत भारत में विदेशी मुद्रा खाते नहीं खोल सकते।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने अक्टूबर 2024 में अपने मौद्रिक नीति दृष्टिकोण को "विदड्रा ऑफ एकोमोडेशन" से "न्यूट्रल" में बदल दिया।

**कथन-II:** विदड्रा ऑफ एकोमोडेशन का आशय अधिक प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति से है जिसमें RBI का लक्ष्य अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति को कम करना होता है।

**कथन-III:** न्यूट्रल दृष्टिकोण दर्शाता है कि RBI मौजूदा आर्थिक स्थितियों के आधार पर नीतिगत दरों को समायोजित करने में लचीलापन बनाए रखता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन II और कथन III दोनों सही हैं और दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं।
B. कथन II और कथन III दोनों सही हैं लेकिन उनमें से केवल एक ही कथन I की व्याख्या करता है।
C. कथन II और III में से केवल एक ही सही है और वह कथन I की व्याख्या करता है।
D. न तो कथन II और न ही कथन III सही है।

**22. भारत में ट्रेजरी बिल (T-बिल) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के माध्यम से भारत सरकार द्वारा जारी दीर्घकालिक ऋण उपकरण हैं।
2. ये शून्य-कूपन प्रतिभूतियाँ हैं, जिसका अर्थ है कि वे नियमित ब्याज नहीं देती हैं।
3. T-बिल से प्राप्त लाभ दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के रूप में कर योग्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 3

**23. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NBFC मांग जमा स्वीकार नहीं कर सकते हैं और चेक जारी नहीं कर सकते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. NBFC के अंतर्गत जमाकर्ताओं को डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन द्वारा संरक्षण प्रदान किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**24. भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (IREDA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) है, जो विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
2. यह स्वच्छ ऊर्जा पहलों के वित्तपोषण के लिये ग्रीन बॉण्ड और अन्य बाज़ार साधनों के माध्यम से धन जुटा सकता है।
3. इसे सौर पीवी मॉड्यूल के लिये पीएम-कुसुम और PLI जैसी योजनाओं को लागू करने का अधिकार दिया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

## रक्षा एवं सुरक्षा

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत वर्तमान में ध्रुवीय और महासागरीय अनुसंधान मिशनों के लिये तीन अनुसंधान केंद्र संचालित करता है, भारती और मैत्री (अंटार्कटिका में) तथा हिमाद्री (आर्कटिक में)।
2. भारत ने पहला स्वदेशी रूप से निर्मित ध्रुवीय अनुसंधान पोत (PRV) विकसित करने के लिये संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ समझौता किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**26. फर्स्ट पर्सन व्यू (FPV) ड्रोन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस ड्रोन में आगे की ओर लगा कैमरा ऑपरेटर को लाइव वीडियो प्रसारित करता है। इससे ऑपरेटर को पायलट जैसा दृश्य प्राप्त होता है।
2. स्वायत्त उड़ान क्षमताओं के कारण, FPV ड्रोन को एक बार लॉन्च करने के बाद लगातार मानव हस्तक्षेप या रिमोट कंट्रोल की आवश्यकता नहीं होती।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**27. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| भारत के साथ सैन्य अभ्यास | साझेदार देश |
|---|---|
| 1. गरुड़ शक्ति | इंडोनेशिया |
| 2. युद्ध अभ्यास | मालदीव |
| 3. सूर्य किरण | नेपाल |
| 4. खान क्वेस्ट | मंगोलिया |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्विपर बेल्ट नेप्च्यून से परे बर्फीले पिंडों और बौने ग्रहों का एक विशाल क्षेत्र है।
2. सेरेस क्षुद्रग्रह बेल्ट में मौजूद एकमात्र बौना ग्रह है।
3. प्लूटो सबसे बड़ा और सबसे चमकीला बौना ग्रह है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, और 3

**29. रेडियो तरंगों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रेडियो तरंगें विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम में सबसे लंबी तरंगदैर्ध्य वाली होती हैं।
2. जिन खगोलीय पिंडों में चुंबकीय क्षेत्र में परिवर्तन होता है, वे रेडियो तरंगें उत्सर्जित करते हैं।
3. दीर्घ तरंगदैर्ध्य के कारण रेडियो तरंगों का उपयोग मेडिकल इमेजिंग में नहीं किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**30. पल्सर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये तेज़ी से घूमने वाले न्यूट्रॉन तारे होते हैं, जो विद्युतचुंबकीय विकिरण की किरणें उत्सर्जित करते हैं।
2. पल्सर की आवर्तिता इसके चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता में उतार-चढ़ाव के कारण उत्पन्न होती है, जिससे अनियमित विकिरणीय विस्फोट होते हैं जिन्हें पृथ्वी से देखा जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतजेन भारत का पहला पूर्णतः निजी तौर पर वित्तपोषित, स्वदेशी रूप से विकसित मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) है जो 22 भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है।

**कथन-II:** मल्टीमॉडल LLM को मानव भाषा और मल्टीमीडिया दोनों को समझने के लिये विभिन्न डेटा प्रकारों पर प्रशिक्षित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. थर्मोफिलिक बैक्टीरिया, जो हॉट स्प्रिंग्स में पनपते हैं, शक्तिशाली एंटीबायोटिक्स का उत्पादन करते हैं जो AMR से लड़ने में सहायक हो सकते हैं।
2. मेटाजीनोमिक्स में पर्यावरणीय नमूनों से सीधे प्राप्त आनुवंशिक सामग्री का अध्ययन किया जाता है, जिसमें प्रयोगशाला में किसी जीव को अलग-अलग संवर्द्धित करने की आवश्यकता नहीं होती।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**33. न्यूट्रिनो के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यूट्रिनो विद्युत रूप से तटस्थ उपपरमाण्विक कण हैं।
2. वे अक्सर पदार्थ के साथ अंत:क्रिया करते हैं, जिससे उनका पता लगाना आसान हो जाता है।
3. विद्युत चुंबकीय तरंगों के विकल्प के रूप में संचार प्रणालियों में न्यूट्रिनो का संभावित अनुप्रयोग हो सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

## जैव विविधता और संरक्षण

**34. फाइटोप्लैंकटन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये सूक्ष्मजीव होते हैं जो पौधों जैसे होते हैं और प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ऑक्सीजन उत्पादन और कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषण में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं।
2. इनकी वृद्धि और उत्पादकता मुख्य रूप से मैक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे फॉस्फेट, नाइट्रेट और कैल्शियम की उपलब्धता पर निर्भर करती है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**35. रामसर कन्वेंशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1971 में स्थापित आर्द्रभूमि पर रामसर कन्वेंशन एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसका उद्देश्य आर्द्रभूमि का संरक्षण करना तथा वैश्विक स्तर पर उनके सतत् उपयोग को बढ़ावा देना है।
2. भारत रामसर कन्वेंशन में वर्ष 1982 में शामिल हुआ था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**36. निम्नलिखित में से कौन-सी मधुमक्खियाँ भारत की देशी प्रजातियाँ हैं?**

1. जाइंट रॉक बी (Giant rock bee)
2. स्टिंगलेस बी (Stingless bee)
3. एशियन ड्वार्फ बी (Asian dwarf bee)

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, और 3

## विविध

**37. राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1973 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थी।
2. यह राष्ट्रीय पुरस्कार केंद्र, राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों तथा स्वैच्छिक संगठनों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग कार्मिकों को प्रदान किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## मिश्रित

**38. पद्म पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकार ने किसी भी वर्ष में भारत रत्न पुरस्कारों की संख्या अधिकतम दस तक सीमित कर दी है।
2. अनुच्छेद 18 के अंतर्गत पद्म पुरस्कारों का प्रयोग उपसर्ग और प्रत्यय के रूप में किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**39. अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान ( IIAS ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1930 में स्थापित और ब्रुसेल्स में मुख्यालय वाला यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन और संयुक्त राष्ट्र की शैक्षणिक शाखा है।
2. भारत को 2025-2028 के कार्यकाल के लिए आईआईएएस का अध्यक्ष चुना गया है, जो इसके इतिहास में पहला मतपत्र-आधारित चुनाव है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (B) | 3. (C) | 4. (B) | 5. (B) | 6. (B) | 7. (C) | 8. (B) | 9. (C) | 10. (D) |
| 11. (B) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (A) | 15. (B) | 16. (B) | 17. (A) | 18. (C) | 19. (C) | 20. (C) |
| 21. (A) | 22. (B) | 23. (A) | 24. (A) | 25. (A) | 26. (A) | 27. (C) | 28. (D) | 29. (B) | 30. (A) |
| 31. (D) | 32. (C) | 33. (B) | 34. (C) | 35. (C) | 36. (D) | 37. (C) | 38. (D) | 39. (B) | |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

# व्याख्या

## भारतीय कला एवं संस्कृति

1.

**उत्तर: ( C )**

**व्याख्या:**

**अजंता की गुफाएँ:**

- **स्थान:** अजंता महाराष्ट्र के औरंगाबाद के निकट वाघोरा नदी के पास **सह्याद्री पर्वत श्रृंखला ( पश्चिमी घाट )** में चट्टान काटकर बनी गुफाओं की एक श्रृंखला है।
- **गुफाओं की संख्या:** कुल **29 गुफाएँ** हैं (सभी बौद्धकालीन), जिनमें से 25 का उपयोग विहार के रूप में आवासीय गुफाओं के रूप में किया जाता था, जबकि 4 का उपयोग चैत्य या प्रार्थना कक्ष के रूप में किया जाता था।
- **विकास का समय:**
  - इन गुफाओं का विकास 200 ईसा पूर्व से 650 ईसवी के बीच हुआ था।
  - अजंता गुफाओं पर बौद्ध भिक्षुओं ने वाकाटक राजाओं के संरक्षण में लिखावट की थी, जिनमें हरिषेण एक प्रमुख राजा थे। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अजंता गुफाओं के संदर्भ चीनी बौद्ध यात्रियों फाहियान (चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में; 380-415 ईस्वी) और ह्वेनसांग (सम्राट हर्षवर्धन के शासनकाल में; 606-647 ईस्वी) की यात्रा विवरणों में मिलते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

## इतिहास

2.

**उत्तर: ( B )**

**व्याख्या:**

**संत कबीरदास:**

- संत कबीर दास (1440-1518) एक प्रतिष्ठित रहस्यवादी कवि, संत और समाज सुधारक थे, जिनका जन्म वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ था।
  - **कबीर अक्सर स्वयं को "जुलाहा" ( बुनकर )** और **"कोरी" ( निम्न जाति )** के रूप में संदर्भित करते थे , जो वंचित समुदाय के प्रति **उनकी विनम्रता और एकजुटता को** दर्शाता था।
    - **कबीर दास किसी भी मुगल शासक के समकालीन नहीं थे।** वे दिल्ली सल्तनत के **लोदी वंश के दौरान रहते थे । अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **शिक्षाएँ और दर्शन: संत कबीर दास निर्गुण भक्ति परंपरा** के एक प्रमुख प्रस्तावक हैं , जो एक **निराकार, गुण-रहित ईश्वर ( निर्गुण ब्रह्म )** के प्रति भक्ति पर जोर देते हैं ।
  - उन्होंने भक्ति संत **रामानंद और** सूफी गुरु **शेख तकी** से आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त किया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - उनकी शिक्षाओं ने **धार्मिक रूढ़िवादिता**, कर्मकांडों और सामाजिक विभाजनों को चुनौती दी तथा ईश्वर तक पहुँचने के लिये एक सार्वभौमिक, समावेशी मार्ग की वकालत की।
  - उन्होंने औपचारिक धर्म की अपेक्षा **सत्य, करुणा, समानता** और **प्रत्यक्ष आध्यात्मिक अनुभव पर अधिक जोर दिया।**
- **साहित्य:** कबीर ने **ब्रजभाषा, अवधी** और **संत भाषा** में **दोहे** और **भजन की रचना की, जो हिंदी साहित्य** के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।
  - **उनकी रचनाओं में सादगी, गहराई और सार्वभौमिक अपील की** विशेषता होती है, जिनमें अक्सर **"उलटबांसी" होती है**, जो चिंतन को प्रेरित करने के लिये उलट अर्थ वाले विरोधाभासी छंद होते हैं।
  - **उलटबांसी** (उल्टे या विरोधाभासी कथन) का उद्देश्य **आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण करना था**, न कि निर्विवाद भक्ति को। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## भूगोल

3.

**उत्तर: ( C )**

**व्याख्या:**

**सिक्किम:**

- **परिचय: सिक्किम** गोवा के बाद भारत का सबसे छोटा राज्य है और यह भारत के **पूर्वी** हिमालय में **पूर्वोत्तर** भाग में स्थित है। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने से पहले सिक्किम एक संरक्षित राज्य था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह उत्तर और पूर्वोत्तर में **चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र**, दक्षिण-पूर्व में भूटान, दक्षिण में **पश्चिम बंगाल** और पश्चिम में **नेपाल** से सीमाएँ साझा करता है।
- **नवीनतम विकास: सिक्किम** के **सोरेंग ज़िले** को **भारत के पहले जैविक मत्स्य पालन क्लस्टर** के रूप में विकसित किया जाएगा। **पर्यटन** को बढ़ावा देने के लिये **पेलिंग रोपवे** का उद्घाटन किया गया, जो सिक्किम को एक **वैश्विक पर्यटन केंद्र** बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। सिक्किम स्थित कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और एक नामित बायोस्फीयर रिज़र्व है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - उल्लेखनीय है कि सिक्किम वर्ष **2016 में विश्व का पहला पूर्णतः जैविक राज्य** बन गया।

4.

**उत्तर: ( B )**

**व्याख्या:**

**ग्लेशियर:**

- **हिमनद ( ग्लेशियर ) बर्फ के धीमी गति से बहने वाले विशाल पिंड** होते हैं, जो सदियों से जमी हुई बर्फ के संपीडन (दबने) से बनते हैं और इनमें **विश्व का लगभग 70% स्वच्छ जल की** आपूर्ति होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ये मुख्यतः **ध्रुवीय क्षेत्रों** (ग्रीनलैंड, कनाडाई आर्कटिक, अंटार्कटिका) में पाए जाते हैं, जहाँ **सौर विकिरण बहुत कम** होती है, वहीं **उष्णकटिबंधीय ग्लेशियर भूमध्य रेखा** के निकट स्थित ऊँचाई वाले क्षेत्रों, जैसे कि एंडीज़ पर्वत में पाए जाते हैं।
  - ग्लेशियरों में लगभग 8,00,000 वर्षों तक के जलवायु अभिलेख संरक्षित रहते हैं, जो वैज्ञानिकों को ऐतिहासिक तापमान वृद्धि और गिरावट के पैटर्न का अध्ययन करने में मदद करते हैं।
- **हिंदू कुश हिमालय ( HKH )** को **"एशिया का जल टॉवर"** कहा जाता है और ये **सिंधु नदी प्रणाली के जल प्रवाह** का लगभग 40% योगदान करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- नेपाल के **लांगटांग क्षेत्र का याला ग्लेशियर** पूरी तरह से पिघल चुका है, वहीं **वेनेज़ुएला स्लोवेनिया** के बाद ऐसा दूसरा देश बन गया है जहाँ सभी ग्लेशियर पिघल चुके हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

5.

**उत्तर: ( B )**

**व्याख्या:**

**न्यू कैलेडोनिया ( New Caledonia )**

- **भूगोल:** यह **ऑस्ट्रेलिया** से लगभग **1,500 किमी. पूर्व** में दक्षिण-पश्चिमी **प्रशांत महासागर** में एक **फ्राँसीसी विदेशी** क्षेत्र है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसमें **ग्रांडे टेरे ( राजधानी नौमिया के साथ ), लॉयल्टी द्वीप** (ओवेआ, लिफौ, तिगा, मारे), **बेलेप द्वीपसमूह, आइल ऑफ पाइंस और दूरस्थ द्वीप** शामिल हैं।
- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:** मूल रूप से **कनक ( न्यू कैलेडोनिया के स्वदेशी मेलानेशियाई निवासी )** द्वारा बसाए गए इस शहर को वर्ष 1853 में फ्राँस ने ज़ब्त कर लिया था। **द्वितीय विश्व युद्ध** के बाद कनक लोगों को **फ्राँसीसी नागरिकता प्राप्त हुई,** लेकिन 1960 के दशक में प्रवासन के कारण उनकी संख्या कम हो गई और स्वतंत्रता आंदोलन शुरू हो गया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **मैटिगनॉन समझौते ( 1988 )** और **नौमिया समझौते ( 1998 )** ने 3 स्वतंत्रता जनमत संग्रह का वादा किया था। सभी वोट फ्राँस के पक्ष में थे, हालाँकि वर्ष 2021 के जनमत

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

संग्रह का स्वतंत्रता समर्थक समूहों द्वारा बहिष्कार किया गया था।

- **नदियाँ और जलवायु:** सबसे लंबी नदी **डायहोट ( 100 किमी. )** है। इसकी जलवायु **उपोष्णकटिबंधीय** है, पूर्वी तट पर पश्चिमी तट की तुलना में काफी अधिक वर्षा होती है।
- **जैवविविधता:** यह स्थान **दुर्लभ वनस्पति प्रजाति अम्बोरेल्ला ट्राइकोपोडा ( Amborella trichopoda )** और कागु जैसे स्थानिक पक्षियों का निवास स्थान है।
  - इसके **लैगून** (lagoons) वर्ष 2008 से **UNESCO विश्व धरोहर स्थल** के रूप में सूचीबद्ध हैं।

6.

**उत्तर: ( B )**

**व्याख्या:**

- निकल एक **चाँदी जैसी सफेद धात्विक तत्त्व** है, जो पृथ्वी पर **पाँचवाँ सर्वाधिक पाया** जाने वाला तत्त्व है। यह **भू-पर्पटी ( 80 ppm )** में व्यापक रूप से उपलब्ध है तथा **निकल-लौह मिश्रधातु** के रूप में **पृथ्वी के क्रोड** का एक प्रमुख घटक है। यह **उल्कापिंडों**, **मृदा** और **जल** में भी पाया जाता है तथा **पादपों के लिये एक आवश्यक पोषक तत्त्व** है।**अत: कथन 1 सही है।**
  - **विशेषताएँ: संक्षारण-प्रतिरोधकता**, उच्च-तापमान स्थिरता, सामर्थ्य, तन्यता, सुघट्यता (टफनेस), **पुनर्चक्रणीयता** तथा उत्प्रेरक एवं **विद्युतचुंबकीय गुण**।
  - **भंडार: ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राज़ील, कनाडा और चीन** के पास विश्व के सबसे बड़े निकल भंडार हैं।
    - भारत में निकल, **ओडिशा के सुकिंडा घाटी की लैटराइट निक्षेपों** में पाया जाता है, किंतु **प्राथमिक स्रोतों से इसका उत्पादन नहीं** होता है।**अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- झारखंड के **पूर्वी सिंहभूम** ज़िले में **ताँबे के खनिजीकरण** के साथ निकल **सल्फाइड के रूप** में भी पाया जाता है।
- **उपयोग: स्टेनलेस स्टील उत्पादन**, **रिचार्जेबल बैटरी** (उदाहरण के लिये, **EV की लिथियम-आयन बैटरियाँ** ), **मिश्र धातु** (उदाहरण के लिये, **एयरोस्पेस** ), **इलेक्ट्रोप्लेटिंग**, **सिक्का निर्माण** और रासायनिक उद्योगों में **उत्प्रेरक**।

7.

**उत्तर: ( C )**

**व्याख्या:**

- **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ( MoEFCC )** के तहत **वन सलाहकार समिति ( FAC ) ने 3,097 मेगावाट की एटालिन रन-ऑफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजना** के लिये **सैद्धांतिक रूप से वन स्वीकृति** दे दी है।
- **एटालिन जलविद्युत परियोजना** एक **रन-ऑफ-द-रिवर ( ROR )** जलविद्युत परियोजना है जो **अरुणाचल प्रदेश की दिबांग घाटी में पूर्वी हिमालय वैश्विक जैव विविधता हॉटस्पॉट** के भीतर स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस परियोजना में दो गुरुत्वाकर्षण बाँध (gravity dams) शामिल हैं, एक **ड्री नदी** पर और दूसरा **तालो ( टांगोन ) नदी** पर, दोनों **दिबांग नदी ( ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी ) की सहायक नदियाँ हैं। अत: कथन 2 सही है।**

8.

**उत्तर: ( B )**

**व्याख्या:**

- **डीप ओशन मिशन ( DOM ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ( MoES )** की एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य गहरे समुद्र में अन्वेषण के लिये प्रौद्योगिकियों और क्षमताओं का विकास करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PMSTIAC) के तहत नौ मिशनों में से एक है।
- **डीप ओशन मिशन** के तहत, एक **मानवयुक्त पनडुब्बी मत्स्य 6000** विकसित की जा रही है, जिसमें **2.1 मीटर आंतरिक व्यास वाला टाइटेनियम मिश्र धातु कार्मिक क्षेत्र होगा,**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

ताकि मनुष्यों को 6000 मीटर की गहराई तक सुरक्षित रूप से ले जाया जा सके। **अत: कथन 2 सही है।**

## राजव्यवस्था एवं शासन

9.

**उत्तर: ( C )**

**व्याख्या:**

**डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023**

- **परिचय:** यह **भारत का पहला व्यापक डेटा संरक्षण कानून** है, जो **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा** के प्रबंधन के लिये एक **कानूनी ढाँचा** प्रदान करता है। इसका उद्देश्य **व्यक्तिगत निजता की रक्षा** करते हुए **वैध डेटा प्रसंस्करण** की अनुमति देना है।
- **प्रयोज्यता: प्रयोज्यता:** यह अधिनियम **भारत के भीतर** संसाधित **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा** पर लागू होता है, चाहे वह **डिजिटल रूप से एकत्र** किया गया हो या **बाद में डिजिटाइज़** किया गया हो। इसके अतिरिक्त, यदि भारत में वस्तुएँ या सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से भारत के बाहर डेटा का संसाधन किया जाता है, तो वह भी इस अधिनियम के अंतर्गत आता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह अधिनियम उन व्यक्तिगत डेटा पर लागू नहीं होता जो **व्यक्तिगत कार्यों के लिये उपयोग किये जा रहे हों** या जो डेटा प्रमुख द्वारा सार्वजनिक किये गए हों अथवा किसी विधिक दायित्व के अंतर्गत सार्वजनिक किये गए हों।
- **सहमति:** व्यक्तिगत डेटा को केवल किसी वैध उद्देश्य के लिये डेटा प्रिंसिपल की सहमति से ही संसाधित किया जा सकता है, जिसे वह किसी भी समय वापस ले सकता है। बच्चों या दिव्यांग व्यक्तियों के मामले में, यह सहमति उनके माता-पिता या विधिक अभिभावक द्वारा दी जानी चाहिये।
    - **DPDP अधिनियम, 2023 की धारा 9** के तहत, बच्चों के डेटा को संसाधित करने से पहले सत्यापित अभिभावकीय सहमति अनिवार्य है, तथा यह 18 वर्ष से कम आयु के अवयस्कों के विरुद्ध हानिकारक प्रोसेसिंग और लक्षित विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाता है।
- **डेटा फिड्युशरीज़ ( SDF ):** केंद्र सरकार **डेटा की मात्रा, संवेदनशीलता, व्यक्तिगत अधिकारों के लिये जोखिम** और **राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता, लोकतंत्र तथा सार्वजनिक व्यवस्था के लिये खतरों** जैसे कारकों के आधार पर कुछ डेटा फिड्युशरीज़ को **SDF के** रूप में नामित कर सकती है।
    - SDF के अतिरिक्त दायित्व है- एक डेटा संरक्षण अधिकारी नियुक्त करना, स्वतंत्र ऑडिटर की नियुक्ति करना, डेटा प्रभाव आकलन (डेटा प्रोटेक्शन इम्पैक्ट असेसमेंट) करना आदि।
- **छूट:** डेटा प्रिंसिपल के अधिकार और डेटा फिड्युशरीज़ के दायित्व **( डेटा सुरक्षा को छोड़कर )** निर्दिष्ट मामलों में लागू नहीं होंगे, जिनमें शामिल हैं:
    - **अधिसूचित एजेंसियों** के लिये, **सुरक्षा, संप्रभुता, सार्वजनिक व्यवस्था** आदि के हित में।
    - **अनुसंधान**, संग्रहण या सांख्यिकीय प्रयोजनों के लिये।
    - **अनुसंधान प्रयोजनों के लिये स्टार्ट-अप या डेटा फिड्युशरीज़ की अन्य अधिसूचित श्रेणियों के लिये। अत: कथन 2 सही है।**
    - कानूनी अधिकारों या **दावों को लागू करने या अपराधों की रोकथाम/जाँच** के लिये।
    - **न्यायिक या नियामक कार्यों** के निष्पादन के लिये।
    - भारत में गैर-निवासियों के डेटा का विदेशी अनुबंध के तहत प्रसंस्करण।
- **भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड ( DPBI ):** अधिनियम में **केंद्र सरकार** द्वारा **DPBI की** स्थापना का प्रावधान है, जिसके सदस्यों की नियुक्ति दो वर्ष के लिये की जाती है तथा वे **पुनर्नियुक्ति** के पात्र होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
    - इसके **कार्यों** में **अनुपालन की निगरानी, जुर्माना लगाना, डेटा उल्लंघन प्रतिक्रियाओं को संभालना, शिकायतों की सुनवाई करना शामिल है तथा** इसकी **दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण** में अपील की जा सकती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

10.

उत्तर: ( D )

व्याख्या:

**राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन ( NeVA ):**

- NeVA एक **वर्कफ्लो-आधारित** (कार्य-प्रवाह पर आधारित) **डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे "वन नेशन, वन एप्लीकेशन" पहल** के तहत **कागज़ रहित, कुशल एवं पारदर्शी** तरीके से विधायी कार्यप्रणाली को डिजिटल बनाने के लिये लॉन्च किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे **संसदीय कार्य मंत्रालय** द्वारा **100% केंद्रीय सहायता** के माध्यम से **वित्तपोषित** किया जाता है, जिसे **NIC क्लाउड-मेघराज** पर होस्ट किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **नगालैंड** वर्ष 2022 में NeVA लागू करने वाला पहला राज्य था।
- हाल ही में, **केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री ने पुदुच्चेरी विधानसभा** के लिये **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन ( NeVA ) प्लेटफॉर्म** का उद्घाटन किया।

11.

उत्तर: ( B )

व्याख्या:

- राष्ट्रपति **केंद्र और राज्यों** के बीच **राजस्व के संवैधानिक वितरण को संशोधित कर सकते हैं,** जिसमें **हस्तांतरण को कम करना या रद्द करना शामिल है।**
  - इस प्रकार के संशोधन **उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक प्रभावी रहते हैं,** जिसमें आपातकाल की समाप्ति होती है और **प्रत्येक आदेश को संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- <u>अनुच्छेद 358</u> **युद्ध या बाह्य आक्रमण** के आधार पर घोषित **राष्ट्रीय आपातकाल** की पूरी अवधि के लिये **अनुच्छेद 19** को स्वत: ही **निलंबित** कर देता है। यह **केवल अनुच्छेद 19** पर तथा पूरे देश पर लागू होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संसद के कानून द्वारा **लोकसभा को उसके सामान्य कार्यकाल ( 5 वर्ष ) से आगे एक बार में एक वर्ष के लिये** (किसी भी अवधि के लिये) **बढ़ाया जा** सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

## सामाजिक मुद्दे

12.

उत्तर: ( C )

व्याख्या:

**वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक:**

- **हाल ही में, विश्व आर्थिक मंच** द्वारा जारी **वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025** में भारत **148 देशों में से 131 वें स्थान पर रहा, जो 2024 में 129 वें स्थान** से नीचे है, जिसमें **लैंगिक समानता स्कोर 64.1%** है ।
- **वर्ष 2006** से प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाला यह सूचकांक **लैंगिक समानता का आकलन करने वाला** सबसे **दीर्घकालिक वैश्विक सूचकांक है, जो 4 प्रमुख आयामों** में **लैंगिक अंतराल को कम करने में देशों की प्रगति को मापता है:**
  - **आर्थिक भागीदारी और अवसर**
  - **शिक्षा प्राप्ति**
  - **स्वास्थ्य एवं जीवन रक्षा**
  - **राजनीतिक सशक्तिकरण**
- **प्रत्येक आयाम को 0 से 1 के** पैमाने पर स्कोर किया जाता है, जहाँ **1 पूर्ण लैंगिक समानता का प्रतिनिधित्व करता है** और **0 पूर्ण असमानता को दर्शाता है।**
- अत: विकल्प C सही है।

## कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र

13.

उत्तर: ( B )

व्याख्या:

- सकल सिंचित क्षेत्र (GIA) कृषि वर्ष में **विभिन्न मौसमों में सभी फसलों के तहत सिंचित क्षेत्रों का कुल योग है,** GIA

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

के तहत, एक ही वर्ष में दो/तीन बार सिंचित क्षेत्र को दो/तीन बार गिना जाता है।

- **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **सिंचाई राज्य का विषय है** और सिंचाई परियोजनाओं की योजना, क्रियान्वयन, वित्तपोषण तथा क्रियान्वयन एवं पूर्णता की प्राथमिकता संबंधित राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - तथापि, केंद्र सरकार कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार चयनित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिये **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY)** के अंतर्गत राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
- PMKSY विभिन्न योजनाओं का एकीकरण है, जैसे- **त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (AIBP), PMKSY - हर खेत को पानी (HKKP), PMKSY - प्रति बूँद अधिक फसल (PDMC)** (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित) और **PMKSY - वाटरशेड विकास (WD)** (भूमि संसाधन विभाग द्वारा कार्यान्वित)। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

14.

**उत्तर: (A)**

**व्याख्या:**

- भारत विश्व में दालों का **सबसे बड़ा उत्पादक (वैश्विक उत्पादन का 25%), उपभोक्ता (विश्व उपभोग का 27%) और आयातक (14%) है। अत: कथन 1 सही है।**
- दालें **संपूर्ण कृषि वर्ष** (खरीफ, रबी और जायद मौसम) में उत्पादित की जाती हैं। चना, मसूर जैसी रबी किस्म की दालों को विकास के दौरान शीत जलवायु और परिपक्वता के समय ऊष्माकी आवश्यकता होती है। मूँग, उड़द जैसी खरीफ किस्म की दालों को ऊष्ण जलवायु की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- फलीदार फसलें होने के कारण, अरहर को छोड़कर सभी दलहन वायु से नाइट्रोजन को स्थिर करके मृदा की उर्वरता को बनाए रखने में सहायता करते हैं। अत: इन्हें ज्यादातर अन्य फसलों के साथ चक्रीय क्रम में उत्पादित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

15.

**उत्तर: (B)**

**व्याख्या:**

- **सर्वाधिक संकटग्रस्त प्रजातियाँ: क्रॉस रिवर गोरिल्ला** और **तापनुली ओरंगुटान** को गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजातियों के रूप में दर्शाया गया है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - **क्रॉस रिवर गोरिल्ला** की संख्या कैमरून और नाइजीरिया में कम-से-कम 11 समूहों में बँटी हुई है, **जबकि** सर्वाधिक संकटग्रस्त ग्रेट एप, **तपानुली ओरांगुटान की संख्या 800** से भी कम है। दोनों को **अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN)** द्वारा गंभीर रूप से संकटग्रस्त की सूची में रखा गया है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **व्यवहार:** गिब्बन **को IUCN रेड सूची** में **संकटग्रस्त** के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

16.

**उत्तर: (B)**

**व्याख्या:**

**लेडीज़ स्लिपर आर्किड:**

- **वर्गीकरण (Taxonomy):** यह ऑर्किड परिवार (*Orchidaceae*) की उप-परिवार **साइप्रिपेडिओइडी** (*Cypripedioideae*) से संबंधित है और अपने विशिष्ट 'स्लीपर' (Slipper) के आकार वाले **लैबेलम** (*labellum*) के लिये जाना जाता है, जो कीटों को फँसाकर परागण में सहायता करता है।
- **प्रजातियाँ एवं वितरण:** प्रजातियाँ **यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका** के **बोरियल, समशीतोष्ण और उष्ण कटिबंधीय** क्षेत्रों में पाई जाती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **साइप्रिपेडियम और पैफियोपेडिलम** भारत में मुख्य रूप से हिमालयी राज्यों (जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश) तथा **पूर्वोत्तर पहाड़ियों** में पाए जाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **आवास और पारिस्थितिकी:** इसे **जैविक पदार्थ (ह्यूमस)** से समृद्ध, अच्छी जल निकासी वाली मृदा की आवश्यकता होती है। अलास्का में ***सी.गुटेटम*** और ***सी.पैसेरिनम*** जैसी कुछ प्रजातियाँ हिम के नीचे अंकुरित होती हैं।
- **संरक्षण प्रयास:** भारत में संरक्षण का नेतृत्व **भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (BSI)** और अन्य संस्थानों द्वारा **इन-सीटू तथा एक्स-सीटू संरक्षण, ऊतक संवर्द्धन प्रसार** एवं **आवास पुनर्स्थापन** के माध्यम से किया जाता है।
- **संरक्षण की स्थिति**
  - **CITES: परिशिष्ट I और II**
  - **IUCN रेड लिस्ट: गंभीर रूप से संकटग्रस्त/लुप्तप्राय**
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची III। अत: कथन 3 सही है।**


17.

उत्तर: (A)

व्याख्या:

**भारत में नवीकरणीय ऊर्जा विकास की वर्तमान स्थिति:**

- **स्थिति:** भारत वैश्विक स्तर पर **सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे** और **कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान पर है**। सौर ऊर्जा क्षमता वर्ष 2014 में 2.63 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में 108 गीगावाट (41 गुना वृद्धि) हो गई है, जबकि पवन ऊर्जा क्षमता 51 गीगावाट को पार कर गई है।
  - **इसका लक्ष्य वर्ष 2030** तक 500 गीगावाट तथा वर्ष **2047 तक 1,800 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता** हासिल करना है।
- **वर्ष 2025 में भारत की स्रोत-वार विद्युत स्थापित क्षमता:**
  - **कोयला:** 46.42%
  - **सौर:** 22.85%
  - **पवन:** 10.81%
  - **जलविद्युत:** 10.14%
  - **तेल और गैस:** 4.39%
  - **बायो पावर:** 2.45%
  - **परमाणु:** 1.86%
  - **लघु जलविद्युत:** 1.08%
- **इस प्रकार, अवरोही क्रम होगा:** सौर > पवन > जलविद्युत > तेल और गैस > परमाणु
- **अत: विकल्प A सही है।**




18.

उत्तर: (C)

व्याख्या:

**वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972:**

- **यह वन्यजीवों, पक्षियों और पौधों के संरक्षण**, उनके आवासों के प्रबंधन व वन्यजीवों एवं संबंधित उत्पादों के व्यापार के विनियमन हेतु एक **व्यापक कानूनी ढाँचा प्रदान करता है।**
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (WPA), 1972 में **छह अनुसूचियाँ** शामिल हैं, जिनमें **अनुसूची I और II लुप्तप्राय प्रजातियों** को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **अनुसूची III और IV:** इनमें ऐसे जीव शामिल हैं जो **विलुप्त होने के खतरे में नहीं हैं तथा इनके लिये दंड अनुसूची I व II की तुलना में कम कठोर हैं।**
- **अनुसूची V:** इस अनुसूची में बत्तख और हिरण जैसे जीवों की सूची दी गई है, जिनका **शिकार लाइसेंस के साथ किया जा सकता है।**
- **अनुसूची VI:** यह पौधों के संरक्षण से संबंधित है और संरक्षित पशु पार्कों **की स्थापना का समर्थन करती है।**

- **धारा 9:** कोई भी व्यक्ति **अनुसूचियों I, II, III और IV में** सूचीबद्ध किसी भी वन्य जीव का शिकार नहीं करेगा, सिवाय उन मामलों के जिनकी अनुमति **धारा 11 और 12** के अंतर्गत दी गई हो।
- **धारा 11: मुख्य वन्यजीव वार्डन** को अनुमति दी जा सकती है, यदि कोई पशु मानव जीवन के लिये खतरा हो या वह असाध्य रोग से ग्रस्त हो और उसे पकड़ा या स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

19.

**उत्तर: ( C )**

**व्याख्या:**

**लेसर फ्लेमिंगो ( फीनिकोनायस माइनर ):**

- यह **फ्लेमिंगो की सबसे छोटी प्रजाति** है, जो **उप-सहारा अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और अरब खाड़ी** के कुछ हिस्सों में पाई जाती है।
- भारत में यह मुख्य रूप से **लवणीय जलाशयों** और **तटीय क्षेत्रों** में निवास करती है।
  - गुजरात और राजस्थान की **क्षारीय और खारी आर्द्रभूमि**, विशेष रूप से **ग्रेट रण ऑफ कच्छ और सांभर झील**, भारत में लेसर फ्लेमिंगो के लिये महत्त्वपूर्ण प्रजनन स्थल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **IUCN** द्वारा इसे **निकट संकटग्रस्त श्रेणी** में वर्गीकृत किया गया है। यह **CITES** के परिशिष्ट-II में सूचीबद्ध है। साथ ही, यह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम ( WPA ), 1972 की अनुसूची-IV के अंतर्गत संरक्षित है।

- वे **शैवाल, मोलस्क और क्रस्टेशियन** खाते हैं। उनके **पंखों का रंग**, जो **सफ़ेद से लेकर गुलाबी** और नारंगी तक होता है, उनके **पंखों का रंग**, जो **सफेद से लेकर गुलाबी** और नारंगी तक हो सकता है, उनके आहार में उपस्थित **कैरोटीनॉयड पिगमेंट** द्वारा निर्धारित होता है। **अतः कथन 2 सही है।**

## भारतीय अर्थव्यवस्था

20.

**उत्तर: ( C )**

**व्याख्या:**

**उदारीकृत विप्रेषण योजना ( LRS ):**

- **LRS: भारतीय रिज़र्व बैंक ( RBI ) द्वारा वर्ष 2004 में प्रति वित्तीय वर्ष 25,000 अमेरिकी डॉलर** की प्रारंभिक सीमा के साथ शुरू की गई LRS अब निवासी व्यक्तियों को स्वीकृत **चालू या पूंजी खाता लेन-देन के लिये प्रतिवर्ष 250,000 अमेरिकी डॉलर** तक धन भेजने की अनुमति देती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **पात्रता:** केवल **निवासी व्यक्ति** ही पात्र हैं। इस योजना में **कॉर्पोरेट, हिंदू अविभाजित परिवार ( HUF ), साझेदारी फर्म और ट्रस्ट शामिल नहीं हैं। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **निषिद्ध लेन-देन: लॉटरी टिकट, प्रतिबंधित पत्रिकाओं** की खरीद, **FTF का अनुपालन न करने वाले देशों** के साथ लेन-देन, किसी अन्य भारतीय निवासी के विदेशी खाते में विदेशी मुद्रा में उपहार देना आदि।
- **भारत में कोई विदेशी मुद्रा खाता नहीं:** निवासी LRS के अंतर्गत **भारत में विदेशी मुद्रा** खाता **नहीं** खोल सकते। **अतः कथन 3 सही है।**

21.

**उत्तर: ( A )**

**व्याख्या:**

**RBI की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 की मुख्य बातें:**

- **मौद्रिक नीति और तरलता:** मौद्रिक **नीति समिति ( MPC )** ने वर्ष 2024-25 के अधिकांश समय तक रेपो दर को

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

6.50% पर बनाए रखा, लेकिन अक्तूबर 2024 में रुख को **"विदड्रा ऑफ एकोमोडेशन" से "न्यूट्रल"** में बदल दिया। **अत: कथन I सही है।**

- विदड्रा ऑफ एकोमोडेशन का आशय अधिक प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति से है जिसमें RBI का लक्ष्य अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति को कम करना होता है। **अत: कथन II सही है।**
- **न्यूट्रल दृष्टिकोण** दर्शाता है कि RBI मौजूदा आर्थिक स्थितियों के आधार पर नीतिगत दरों को समायोजित करने में लचीलापन बनाए रखता है। इसका तात्पर्य है कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति और आर्थिक विकास से संबंधित आँकड़ों के आधार पर ब्याज दरों को बढ़ाने या घटाने के लिए लचीला रहता है। **अत: कथन III सही है।**

- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन II और कथन III दोनों सही हैं और दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं।

**22.**

**उत्तर: (B)**

**व्याख्या:**

- T-बिल **भारत सरकार** द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के माध्यम से जारी किये जाने वाले **अल्पकालिक ऋण** उपकरण हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ये **सरकारी प्रतिभूतियों (G-Secs)** का हिस्सा होती हैं और अल्पकालिक निधि एकत्रित करने में सहायता करती हैं। ये **शून्य-कूपन प्रतिभूतियाँ (Zero-Coupon Securities)** होती हैं, अर्थात् इन पर आवधिक ब्याज भुगतान नहीं होता।
  - इसके बजाय, इन्हें अंकित मूल्य से कम पर जारी किया जाता है और परिपक्वता पर पूर्ण अंकित मूल्य पर भुनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- T-बिल्स से प्राप्त लाभ **अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (Short-Term Capital Gains)** के रूप में कर योग्य होता है, और इन पर मिलने वाला निश्चित प्रतिफल **मुद्रास्फीति** के कारण प्रभावित हो सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**23.**

**उत्तर: (A)**

**व्याख्या:**

- **गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC)** कंपनी अधिनियम, 1956 अथवा 2013 के अंतर्गत स्थापित की गई एक पंजीकृत कंपनी होती है, जो मुख्य रूप से **उधार देने, प्रतिभूतियों में निवेश, पट्टे पर देने या किराया-खरीद** जैसे कार्यों में संलग्न होती है। इसमें वे संस्थाएँ शामिल नहीं हैं जिनका मुख्य व्यवसाय **कृषि, उद्योग, वस्तुओं/सेवाओं का व्यापार या रियल एस्टेट** होता है।
- बैंकों के विपरीत, **NBFC डिमांड डिपॉज़िट स्वीकार नहीं** कर सकते, ये भुगतान और निपटान प्रणाली (पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम) का हिस्सा नहीं होते (अत: ये **चेक जारी नहीं कर सकते**) **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) NBFC को नियंत्रित** और पर्यवेक्षण करता है एवं NBFC के अंतर्गत जमाकर्ताओं को डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (DICGC) द्वारा सुरक्षा नहीं दी जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - DICGC की स्थापना जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम अधिनियम, 1961 के तहत की गई थी। यह भारतीय बैंकों के लिये **जमा बीमा और ऋण गारंटी प्रदान करता है** तथा यह RBI द्वारा शासित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**24.**

**उत्तर: (A)**

**व्याख्या:**

- **नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE)** के तहत 1987 में स्थापित **IREDA, भारत की सबसे बड़ी हरित वित्तपोषण NBFC** है, जो विशेष रूप से **नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता** परियोजनाओं को बढ़ावा देने और वित्तपोषण के लिये समर्पित है।
  - यह विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता/संरक्षण परियोजनाओं के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु समर्पित है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **IREDA** विभिन्न माध्यमों से स्वच्छ ऊर्जा पहलों को निधि देने के लिये पूंजी जुटाता है, जिसमें **ग्रीन बॉण्ड, कर-मुक्त बॉण्ड** और **अन्य बाज़ार-आधारित उपकरण शामिल हैं**। यह इसे देश में स्थायी ऊर्जा परियोजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला का समर्थन करने में सक्षम बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- IREDA को **पीएम-कुसुम** (जो किसानों के लिये सौर पंप और ग्रिड से जुड़े नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों को बढ़ावा देता है) या **सौर पीवी मॉड्यूल के लिये PIL योजना** जैसी योजनाओं को लागू करने हेतु सीधे तौर पर अधिकृत नहीं किया गया है।
    - इन्हें MNRE या इसकी नामित एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

## रक्षा एवं सुरक्षा

**25.**

**उत्तर: (A)**

**व्याख्या:**

- भारत वर्तमान में ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान मिशनों के लिये **तीन अनुसंधान स्टेशन संचालित करता है**, अर्थात् अंटार्कटिका में भारती और मैत्री एवं आर्कटिक में हिमाद्री। **अतः कथन 1 सही है।**
- **गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE)**, जो भारत सरकार का एक उपक्रम है, ने नॉर्वे की कंपनी कॉन्सबर्ग के साथ भारत का **पहला स्वदेशी पोलर रिसर्च वेसल (PRV)** विकसित करने के लिये समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - PRV एक ऐसा जहाज़ होता है जो ध्रुवीय क्षेत्रों (उत्तर तथा दक्षिण ध्रुव के आस-पास) और समुद्री क्षेत्रों में अनुसंधान का समर्थन करता है, जिसे **राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केंद्र (NCPOR) की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया गया है।**
    - इस पोत में उन्नत वैज्ञानिक उपकरण लगाए जाएंगे ताकि ध्रुवीय और दक्षिणी महासागर क्षेत्रों में समुद्री पारिस्थितिक तंत्र तथा गहरे समुद्र की जैवविविधता का अन्वेषण किया जा सके।

**26.**

**उत्तर: (A)**

**व्याख्या:**

- FPV ड्रोन ऐसे **मानवरहित हवाई वाहन (UAV)** होते हैं, जिन्हें दूर से नियंत्रित किया जा सकता है। जिनमें आगे की ओर लगा **कैमरा ऑपरेटर को लाइव वीडियो** प्रसारित करता है। इससे ऑपरेटर को **"पायलट जैसा दृश्य"** प्राप्त होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पूर्ण रूप से स्वायत्त ड्रोन के विपरीत, FPV ड्रोन को **लगातार मैन्युअल नियंत्रण की आवश्यकता होती है**, आमतौर पर रिमोट कंट्रोलर या FPV चश्मे के माध्यम से। ये स्वायत्त नेविगेशन के लिये डिज़ाइन नहीं किये गए हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**27.**

**उत्तर: (C)**

**व्याख्या:**

- **गरुड़ शक्ति भारत और इंडोनेशिया** के बीच आयोजित एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **युद्ध** अभ्यास वर्ष 2004 से हर साल **भारत और अमेरिका के बीच बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। अतः युग्म 2 सही सुमेलित नही है।**
- **सूर्य किरण भारत और नेपाल के बीच** एक संयुक्त वार्षिक सैन्य अभ्यास है जिसका उद्देश्य पहाड़ी इलाकों में सैन्य सहयोग बढ़ाना है। यह अभ्यास आपदा परिदृश्यों में मानवीय सहायता को मजबूत करने, आतंकवाद विरोधी अभियानों में प्रशिक्षण पर केंद्रित है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- खान क्वेस्ट एक बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना अभ्यास है जो वर्ष 2003 में अमेरिका और मंगोलियाई सशस्त्र बलों के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था। भारत वर्ष 2025 में इसके 22 वें संस्करण में भाग लेगा। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**28.**

**उत्तर: ( D )**

**व्याख्या:**

- कुइपर बेल्ट सूर्य की परिक्रमा करने वाले बर्फीले पिंडों (Icy Bodies) और बौने ग्रहों का एक विशाल, डोनट के आकार का क्षेत्र है जो नेपच्यून से दूर स्थित है। इसे अक्सर **"आउटर सोलर सिस्टम एस्टेरॉइड बेल्ट ( बाहरी सौर मंडल का क्षुद्रग्रह बेल्ट )" भी** कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सेरेस मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट में स्थित एकमात्र बौना ग्रह है। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्लूटो सबसे बड़ा और सबसे चमकीला ज्ञात बौना ग्रह है, जो कुइपर बेल्ट में मौजूद है। **अतः कथन 3 सही है।**


**29.**

**उत्तर: ( B )**

**व्याख्या:**

**रेडियो तरंगें:**

- **विद्युत चुंबकीय वर्णक्रम में रेडियो तरंगों की तरंगदैर्घ्य सबसे लंबी होती है,** जो फुटबॉल के आकार से लेकर पृथ्वी ग्रह से भी बड़ी होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - उदाहरण के लिये, बृहस्पति के आयनमंडल से निकलने वाले उत्सर्जन की तरंगदैर्घ्य लगभग 15 मीटर होती है।
- हेनरिक हट्ज़ ने वर्ष 1880 के दशक के अंत में स्पार्क गैप और इंडक्शन कॉइल का उपयोग करके रेडियो तरंगों के अस्तित्व को सिद्ध किया।
- हट्ज़ ने यह प्रदर्शित किया कि रेडियो तरंगों में विद्युतचुंबकीय तरंगों के सभी गुण होते हैं, जिससे उनके विद्युतचुंबकीय प्रकृति की पुष्टि हुई।
- रेडियो विशेष तरंगदैर्ध्य की रेडियो तरंगों को पकड़कर उन्हें ध्वनि तरंगों में बदलते हैं, जिन्हें स्पीकर के यांत्रिक कंपन के माध्यम से सुना जा सकता है।
- **सूर्य, पृथ्वी और बृहस्पति** जैसे खगोलीय पिंड, जिनमें चुंबकीय क्षेत्रों में परिवर्तन होता है, **रेडियो तरंगों का उत्सर्जन** करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक्स-रे की तरह, **रेडियो तरंगों का उपयोग भी मेडिकल इमेजिंग में किया जाता है।**
  - **चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग ( MRI ) में रेडियोफ्रीक्वेंसी** ( RF ) तरंगों का उपयोग प्रभावशाली चुंबकीय क्षेत्रों के साथ मिलाकर किया जाता है **ताकि शरीर की आंतरिक संरचनाओं की विस्तृत छवियाँ ( इमेजेज़ ) तैयार की जा सकें। अतः कथन 3 सही नहीं है।**




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

30.

उत्तर: (A)

व्याख्या:

- **पल्सर** तेजी से घूमने वाले **न्यूट्रॉन तारे हैं जो विद्युत चुम्बकीय विकिरण की किरणें उत्सर्जित करते हैं, जब ये किरणें पृथ्वी की दृष्टि रेखा से संरेखित होती हैं, तो ये नियमित अंतराल पर स्पंदनों (pulses) के रूप में दिखाई देती हैं। अत: कथन 1 सही है।**
  - इन तारों में अत्यंत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र होते हैं, जो कणों को उनके चुंबकीय ध्रुवों की ओर निर्देशित करते हैं और उन्हें सापेक्षिक वेग (relativistic speed) तक पहुँचा देते हैं, जिससे दो शक्तिशाली प्रकाश किरणें उत्पन्न होती हैं, प्रत्येक ध्रुव से एक।
  - पल्सर की आवर्तिता (periodicity) **इन प्रकाश किरणों के पृथ्वी की दृष्टि रेखा को पार करने के कारण उत्पन्न होती है।** जब किरणें पृथ्वी की ओर नहीं होतीं, तो ऐसा प्रतीत होता है कि पल्सर "बंद" हो गया है।
    - इन स्पंदों के बीच का समय **पल्सर की 'आवृत्ति' है।** प्रत्येक स्पंद के बीच का समय सीधे न्यूट्रॉन तारे की घूर्णन गति से संबंधित होता है।
- **यह आवर्तिता चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता में उतार-चढ़ाव के कारण नहीं होती,** बल्कि न्यूट्रॉन तारे के स्थिर घूर्णन गति के कारण होती है। पल्सर अपनी अत्यंत नियमित समय-सूचक क्षमता के लिये जाने जाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

31.

उत्तर: (D)

व्याख्या:

भारतजेन

- **परिचय:** यह **22 भारतीय भाषाओं** में **भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित, सरकार द्वारा वित्तपोषित मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल** है। **अत: कथन I सही नहीं है।**
  - **मल्टीमोडल LLMs (लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स)** वे बड़े भाषा मॉडल हैं जिन्हें विभिन्न प्रकार के डेटा (**जैसे- टेक्स्ट, इमेज, ऑडियो और वीडियो**) पर प्रशिक्षित किया जाता है। जो उन्हें जटिल मानव भाषा तथा मल्टीमीडिया को समझने एवं व्याख्या करने में सक्षम बनाता है। **अत: कथन II सही है।**
    - वे **एकाधिक डेटा रूपों में सुसंगत प्रतिक्रियाएँ प्रदान करके यूनिमॉडल मॉडल** (जैसे ChatGPT के पुराने संस्करण) की सीमाओं पर नियंत्रण पाते हैं।
- **विकास:** नेशनल मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (NM-ICPS), **IIT बॉम्बे में IoT और IoE के लिये TIH फाउंडेशन** द्वारा कार्यान्वित।
  - **NM-ICPS को वर्ष 2018** में **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय** द्वारा साइबर-भौतिक प्रणालियों (CPS) तथा **नए युग की प्रौद्योगिकियों में नवाचार तथा अनुसंधान एवं विकास** को बढ़ावा देने के लिये लॉन्च किया गया था।
- **उद्देश्य:** भारतीय मूल्यों पर आधारित **नैतिक, समावेशी, बहुभाषी AI को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा और शासन में क्षेत्र-विशिष्ट समाधान** प्रदान करना तथा स्थानीय भाषा बोलने वाले AI संचालित **ग्रामीण टेलीमेडिसिन** को बढ़ावा देना।
- **इस प्रकार, विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।**

32.

उत्तर: (C)

व्याख्या:

- **थर्मोफिलिक बैक्टीरिया,** जो **राजगीर (बिहार) हॉट स्प्रिंग्स** के चरम तापमान वाले वातावरण में पनपते हैं, **एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया** के खिलाफ **एंटीबायोटिक्स** के स्रोत के रूप में महत्त्वपूर्ण संभावना रखते हैं। साथ ही, इनके औद्योगिक एवं कृषि संबंधी अनुप्रयोग भी व्यापक हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- थर्मोफिलिक बैक्टीरिया **हॉट स्प्रिंग्स, डीप सी वेंट और कंपोस्ट पिल्स** के ढेरों में निवास करते हैं तथा खनिज समृद्ध, **लो-कॉम्पिटिशन निचे का दोहन करते हैं।**
  - सऊदी अरब में पाए जाने वाले थर्मोफिलिक जीवाणु ग्राम-पॉजिटिव रोगजनक बैक्टीरिया (जैसे- स्टैफिलोकोकस ऑरियस, स्ट्रेप्टोकोकस) के **खिलाफ प्रभावी एंटीबायोटिक्स उत्पन्न** करते हैं।
- राजगीर में, एक्टिनोबैक्टीरिया, जो स्ट्रेप्टोमाइसिन और टेट्रासाइक्लिन जैसे एंटीमाइक्रोबियल के उत्पादक होते हैं। गर्म जल स्रोतों में पाए जाने वाले जीवाणुओं में **40-43% एक्टिनोबैक्टीरिया** पाए जाते है।
- **राजगीर हॉट स्प्रिंग्स** के सूक्ष्मजीव विविधता का विश्लेषण 16S rRNA मेटाजेनोमिक्स तकनीक से किया गया, जिसमें विशेष रूप से प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) उत्पादक जीवाणुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
  - **मेटाजीनोमिक्स पर्यावरणीय नमूनों** (जैसे- **हवा, मिट्टी, पानी, आँतों के सूक्ष्मजीव समुदाय**) से सीधे प्राप्त **आनुवंशिक सामग्री ( DNA/RNA )** का अध्ययन है, जिसमें प्रयोगशाला में **व्यक्तिगत जीवों को संवर्धित करने** की आवश्यकता नहीं होती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**33.**

**उत्तरः ( B )**

**व्याख्याः**

- न्यूट्रिनो **उपपरमाण्विक कण होते हैं** जो **विद्युत रूप से तटस्थ होते हैं ( अर्थात् विद्युत आवेश रहित ),** इनका **द्रव्यमान लघु** होता है और ये **लेफ्ट हैंडेड** होते हैं (इनके घूर्णन की दिशा इसकी गति की दिशा के विपरीत होती है)। **अतः कथन 1 सही है।**
- न्यूट्रिनो पदार्थ के साथ **बहुत कम ही संपर्क करते हैं,** जिससे उनका **पता लगाना और अध्ययन करना कठिन हो जाता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- न्यूट्रिनो पदार्थ के साथ अपनी **कम अंतःक्रिया दर** के कारण लंबी दूरी तक **सूचना ले जा सकते हैं।** उन्हें **संभावित रूप** से संचार चैनलों में **विद्युत चुंबकीय तरंगों** के विकल्प के रूप में **सूचना प्रसारित करने** के लिये उपयोग किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

## जैव विविधता और संरक्षण

**34.**

**उत्तरः ( C )**

**व्याख्याः**

- **फाइटोप्लैंकटन** पौधे जैसे जीव होते हैं जो प्रकाश संश्लेषण करते हैं, सूर्य के प्रकाश को रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं, और ऑक्सीजन उत्पादन तथा कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषण के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **उदाहरण के लिये,** साइनोबैक्टीरिया, नील-हरित शैवाल, डायटम, डाइनोफ्लैजलेट्स।
- फाइटोप्लैंकटन अपने पर्यावरण से **फॉस्फेट, नाइट्रेट** और **कैल्शियम** जैसे पोषक तत्वों पर निर्भर रहते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - लेकिन पोषक तत्त्वों की अधिकता **विषैले हानिकारक शैवाल प्रस्फुटन ( HAB )** को उत्पन्न कर सकते हैं, जिससे समुद्री जीवन और मानव स्वास्थ्य प्रभावित होते हैं।

**35.**

**उत्तरः ( C )**

**व्याख्याः**

- **वर्ष 1971 में स्थापित** रामसर कन्वेंशन ऑन वेटलैंड्स एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसका उद्देश्य वेटलैंड्स को संरक्षित करना तथा वैश्विक स्तर पर उनके सतत् उपयोग को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने वर्ष 1982 में इस कन्वेंशन में शामिल हुआ था। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **रामसर कन्वेंशन** विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित विविध जल निकायों और आवासों को आर्द्रभूमि के रूप में वर्गीकृत करता है:
  - **प्राकृतिक- मरूद्यान, मुहाना, डेल्टा, मैंग्रोव, तटीय क्षेत्र, प्रवाल भित्तियाँ**
  - **मानव- मत्स्य तालाब, चावल के खेत और जलाशय।**
- हाल ही में, **राजस्थान में खीचन ( फलोदी ) और मेनार ( उदयपुर ) आर्द्रभूमियों को रामसर स्थल** घोषित किया गया है, **जिससे भारत में रामसर स्थल की कुल संख्या 91** हो गई है, जो एशिया में सर्वाधिक है।

**36.**

**उत्तर: ( D )**

**व्याख्या:**

- मधुमक्खी एक कीट है जिसका शरीर **तीन भागों में बंटा** होता है – सिर (जिस पर दो एंटीना होते हैं), वक्ष (जिस पर छह पैर होते हैं), और उदर। इसके शरीर पर शाखायुक्त रोएँ होते हैं, दो जोड़ पंख होते हैं, और **डंक केवल मादा मधुमक्खियों** में होता है (जो कि अंडे देने वाले अंग का रूपांतरित रूप है)। मधुमक्खियाँ केवल **पराग और मधुरस ( नेक्टर )** पर ही निर्भर रहती हैं, जबकि इनकी पूर्वज **परभक्षी ( मांसाहारी ) ततैया** थीं।
- सभी मादा मधुमक्खियाँ डंक मार सकती हैं, लेकिन केवल तब जब उन्हें खतरा महसूस हो। शहद वाली **मधुमक्खियाँ अधिक आक्रामक** होती हैं क्योंकि वे अपने छत्ते, शहद और लार्वा की रक्षा करती हैं, जबकि देशी अकेली रहने वाली मधुमक्खियाँ इतनी आक्रामक नहीं होतीं।
- शहद वाली मधुमक्खियों का एक विशेष व्यवहार होता है जिसे **'वैगल डांस'** कहा जाता है। यह वास्तव में कोई नृत्य नहीं है, बल्कि एक होशियारी भरा संचार माध्यम है, जिसके ज़रिये वे अपनी साथियों को बताती हैं कि भोजन का सबसे अच्छा स्रोत कहाँ है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

## विविध

**37.**

**उत्तर: ( C )**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार:**

- **यह पुरस्कार वर्ष 1973 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** द्वारा शुरू किया गया था **अत: कथन 1 सही है।**
- यह राष्ट्रीय पुरस्कार केंद्र, राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों तथा स्वैच्छिक संगठनों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग कार्मिकों को प्रदान किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **यह पुरस्कार नैदानिक देखभाल, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा और नर्सिंग प्रशासन में** उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देता है।
- **भारत की राष्ट्रपति ने** राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2025 **को 15 नर्सिंग पेशेवरों** को प्रदान किया, ताकि **स्वास्थ्य देखभाल और जनसेवा** में उनके अनुकरणीय योगदान को मान्यता दी जा सके।
  - प्रत्येक पुरस्कार में **एक प्रशस्ति-पत्र, 1,00,000 रुपए का नकद पुरस्कार और एक पदक** शामिल है।

## मिश्रित

**38.**

**उत्तर: ( D )**

**व्याख्या:**

**पद्म पुरस्कार:**

- **परिचय: वर्ष 1954 में** स्थापित, **पद्म पुरस्कार भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों** में से एक हैं, जिनकी घोषणा प्रतिवर्ष **गणतंत्र दिवस ( 26 जनवरी )** पर की जाती है।
  - उनका उद्देश्य **सार्वजनिक सेवा** से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में **उत्कृष्टता को सम्मानित करना है।**
- **पद्म पुरस्कार** आमतौर पर **मरणोपरांत नहीं दिये जाते हैं** और **उच्च श्रेणी का पुरस्कार पाँच वर्ष** के बाद ही प्रदान किया जाता है, जब तक कि **पुरस्कार समिति** कोई **अपवाद न करे।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह पुरस्कार **कोई उपाधि नहीं है** और इसका उपयोग प्राप्तकर्त्ता के नाम के **उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में नहीं किया जा सकता।**
- यह प्रतिवर्ष अधिकतम 120 **पुरस्कारों तक सीमित है** (**मरणोपरांत, अनिवासी भारतीयों (NRI), विदेशियों** और भारत के विदेशी नागरिकता (OCI) प्राप्तकर्त्ताओं को छोड़कर)। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सहित) को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18(1) के तहत नामों के **उपसर्ग या प्रत्यय** के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

39.

उत्तर: (B)

व्याख्या:

**अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS)**

- **IIAS संयुक्त राष्ट्र** के साथ मिलकर कार्य करता है, जो सार्वजनिक प्रशासन पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति (UN CEPA) और संयुक्त राष्ट्र लोक प्रशासन नेटवर्क (UNPAN) में योगदान देता है, हालाँकि **औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **वैज्ञानिक उद्देश्यों** वाला एक **अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है** और इसकी स्थापना वर्ष **1930 में हुई थी** तथा इसका मुख्यालय **ब्रुसेल्स में है** ।
  - IIAS **31 सदस्य देशों, 20 राष्ट्रीय अनुभागों और 15 शैक्षिक अनुसंधान केंद्रों** का एक **वैश्विक महासंघ है,** जो समकालीन **नीति चुनौतियों के लिये सार्वजनिक प्रशासन समाधान विकसित करने में सहयोग करता है।**
- **भारत वर्ष 1998 से IIAS का सदस्य राज्य** रहा है, जिसका प्रतिनिधित्व **प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) करता है।**
- **भारत को वर्ष 2025-2028 की** अवधि के लिये **अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS)** का **अध्यक्ष** चुना गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - संगठन के **इतिहास में** यह **पहली बार था कि चुनाव मतपत्र** के माध्यम से हुए, जिसमें भारत ने **61.7% मत प्राप्त करके शीर्ष स्थान हासिल किया।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME